पत्रांक–03/ना० सु०–22–20/2025 10732 /न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**राजीव शंकर,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर।

**पटना, दिनांक–05/10/25**

**विषयः– वित्तीय वर्ष 2025–26 में नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर क्षेत्रान्तर्गत विवाह भवन, जूता चप्पल स्टैंड, बाउंड्री वाल, गेट एवं पेभर ब्लॉक निर्माण हेतु राशि कुल ₹208.26300 लाख (दो करोड़ आठ लाख छब्बीस हजार तीन सौ रू०) मात्र की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर के पत्रांक–577 दिनांक–22.09.2025 द्वारा नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर क्षेत्रान्तर्गत विवाह भवन, जूता चप्पल स्टैंड, बाउंड्री वाल, गेट एवं पेभर ब्लॉक निर्माण के लिए कुल ₹208.26300 लाख (दो करोड़ आठ लाख छब्बीस हजार तीन सौ रू०) मात्र की योजना की तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराते हुए प्रशासनिक स्वीकृति देने का अनुरोध किया गया है।

2. उक्त के आलोक में निदेशानुसार, योजना की प्रशासनिक स्वीकृति नागरिक सुविधा मद से निम्नवत् दी जाती है :–

| क्र०सं० | नगर निकाय का नाम | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| *01* | *02* | *03* | *04* |
| 1 | नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर | नगर पंचायत, असरगंज में विवाह भवन, जूता चप्पल स्टैंड, बाउंड्री वाल, गेट एवं पेभर ब्लॉक निर्माण । | 208.26300 |

3. उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

(i) योजना का कार्यान्वयन नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर द्वारा कराया जाएगा।

(ii) **योजना का कार्यान्वयन ई० टेन्डरिंग के माध्यम से कराया जाएगा।**

(iii) जिला पदाधिकारी, मुंगेर द्वारा योजना का अनुश्रवण/पर्यवेक्षण/निर्देशन समय–समय पर किया जाएगा।

(iv) योजना हेतु कार्य स्थल पर एक बोर्ड प्रदर्शित रहेगा, जिस पर योजना की प्राक्कलित राशि, योजना का विवरण–लागत तथा पूर्ण होने की तिथि अंकित रहेगी।

(v) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर आश्वस्त हो लेंगे कि योजना की डुप्लीकेसी किसी स्तर पर ना हो।

**विश्वासभाजन,**

ह०/–

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–03/ना० सु०–22–20/2025 10732 /न०वि०एवंआ०वि०/पटना, दिनांक–05/10/25

**प्रतिलिपिः**– महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर/जिला पदाधिकारी, मुंगेर/प्रबंध निदेशक, बुडको/कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, असरगंज, मुंगेर/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (बजट प्रशाखा)/सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग के आप्त सचिव/विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/अवर सचिव–सह–व्ययन पदाधिकारी, नगर विकास एवं आवास विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा– 02, नगर विकास एवं आवास विभाग/विभागीय आई०टी० मैनेजर को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**सरकार के संयुक्त सचिव।**